

## एक नजर में

### इरफान मदनी बने गुना जिला युवा कांग्रेस प्रभारी



**भौंरासा।** मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस संगठन द्वारा प्रदेश महासचिव इरफान मदनी को गुना जिला युवा कांग्रेस प्रभारी नियुक्त किया गया है। संगठन ने यह जिम्मेदारी उन्हें उनके सक्रिय संगठनात्मक अनुभव, युवाओं के बीच मजबूत पकड़ एवं निरंतर जनसेवा को देखते हुए सौंपी है। नियुक्ति पर इरफान मदनी ने युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानू चिब, राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा, गुना जिला कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक जयवर्धन सिंह, मप्र युवा कांग्रेस प्रभारी शिवी सिंह चौहान व अध्यक्ष यश घनघोरिया एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वे गुना जिले में युवाओं को संगठन से जोड़ने, पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने एवं संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति पर नागजीराम यादव, पार्षद भादर सिंह भाटिया, मनोज शुक्ला, अभय नागर, अफजल मंसूरी, अनवर पठान, सज्जाद अली, सलमान पठान, फजल उस्ताद, ताहिर गोल्डन आदि युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

### समाजसेवी किशोर पैठणकर का निधन



**देवास।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला कार्यालय मंत्री रामेश्वर धाकड़ ने बताया कि 16 दिसम्बर को देवास के समाजसेवी भाजपा कार्यकर्ता किशोर पैठणकर का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। इंदौर मुक्तिधाम पर किशोर पैठणकर के पुत्र नमन पैठणकर ने उन्हें मुखाग्नि दी। किशोर पेठणकर श्रमिक नेता, लोकतंत्र सेनानी जनार्दन पैठणकर के छोटे भाई थे। इनके निधन पर भारतीय मजदूर संघ के देवास शाजापुर संभाग के संगठन मंत्री राजू लोधी, श्रमिक नेता रामभानसिंह, इंजीनियरिंग श्रमिक संगठन के महामंत्री महेन्द्रसिंह परिहार, कोषाध्यक्ष दिलीप सोनी, पद्माकर जोशी, कार्यालय मंत्री रामेश्वर धाकड़ ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है कि इनके परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान कर मृत आत्मा को शांति प्रदान करे।

### बिना पीयूसी, बीमा वाले वाहनों पर 56 हजार का चालान



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार आरटीओ द्वारा जिले में लगातार कार्यवाही की जा रही है । इसी कड़ी में आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ जांच दल द्वारा धुंआ फैलाने वाले ऐसे वाहनों जिनमें पीयूसी ( प्रदूषण सर्टिफिकेट) नहीं है, उक्त वाहनों पर सख्ती के साथ कार्यवाही करते हुए चालान काटे जा रहे है। साथ वाहनों में वैध बीमा भी जांच किया जा रहे है। जांच में 27 वाहनों की जांच की गई जिसमें 9 वाहनों में कमी पाई जाने पर 56 हजार का चालान काटा गया। आरटीओ विभाग द्वारा शहर के प्रमुख स्थानों जैसे बस स्टैंड, जिला अस्पताल, नगर निगम आदि स्थानों पर पीयूसी जांच करवाकर और सर्टिफिकेट साथ लेकर ही वाहन का संचालन करने के निर्देश वाले फ्लेक्स लगाए गए है, जिसमें पीयूसी सर्टिफिकेट न पाए जाने पर दंड की राशि का विवरण दिया गया है। आरटीओ अधिकारी ने बताया कि 200 से 250 रुपए में बनने वाले पीयूसी सर्टिफिकेट की दंड राशि निजी वाहनों पर 1000 और व्यावसायिक वाहनों पर 5000 हजार होती है, ऐसे में बिना पीयूसी के चलना सही नहीं होता है, आरटीओ विभाग द्वारा लगातार अनेक प्रकार से जन साधारण तक यातायात नियमों के पालन का संदेश पहुंचाया जा रहा है। आरटीओ अधिकारी निशा चौहान ने बताया कि सभी वाहन संचालक अपने सभी दस्तावेजों को पूरा करके ही वाहन संचालित करें, पीयूसी और बीमा न होने पर सख्ती से कार्यवाही की जाएगी।

### पेंशनर संघ कीं वर्ष 2026 की कार्ययोजना बनाई

**देवास।** पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ जिला देवास कि जिला कार्यकारिणी बैठक पेंशनर दिवस के अवसर पर मल्हार स्मृति मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में संघ के संस्थापक संरक्षक एम एल मालवीय देवड़ा के मार्गदर्शन एवं जिला अध्यक्ष देवीशंकर तिवारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिला सचिव अरविंद शर्मा ने सभी को पेंशनर दिवस की बधाई शुभकामना देने के साथ ही बैठक के प्रमुख विषय प्रस्तुत किये। आज की बैठक में लक्ष्मी नारायण मोहरी, अनिल नागर, अशोक चौहान, अरुण शैव्य, कांतिलाल पटेल, छोटेलाल माली, प्रमोद भावसार, कालूराम नवगोत्री, राधेश्याम शर्मा, शंकर लाल शर्मा, सतीश तिवारी, प्रकाश चौधरी, गोवर्धनसिंह जलखेडिया, एम एल मालवीय, देवीशंकर तिवारी, अरविन्द शर्मा आदि सदस्य उपस्थित थे। सर्व सम्मति से तय किया गया कि आगामी वर्ष 2026 में संघ द्वारा अपने नियमित सभी कार्यक्रम यथावत नियमित रुप से किये जाए। महिला सदस्यों को अधिक से अधिक संख्या में संघ में जोड़ा जाए, तहसील स्तर पर वार्षिक सम्मेलन यथा समय पूर्ण किया जाए एवं नए ब्लॉक बरोठा एवं विजयागंज मंडी वर्ष 26 में अपनी संपूर्ण गतिविधि पृथक से आयोजित कर नवीन कार्यकारिणी का गठन कर जिला को अवगत करावे। निर्णय लिया गया कि तहसील संगठन अपना अंशदान जिले को यथा समय प्रदान करें एवं जिला स्तरीय बैठक में तहसील से कोई भी एक व्यक्ति प्रतिनिधि के रूप में अवश्य उपस्थित हो। सदस्यता अभियान की सक्रियता में राशि प्राप्त होने पर ही रसीद प्रदान की जावे निर्णय लिया गया। सभी पेंशनर्स साथी अपने बैंक अकाउंट में पत्नी का संयुक्त अकाउंट करावे कारण जिन लोगों ने नहीं करा रखा है एवं नॉमिनी भी तय करें इससे बाद में आने वाली कठिनाई से बचा जा सकता है। जिला स्तर पर प्रति माह डॉक्टर एस एस मालवीय के सहयोग से निशुल्क आयोजित किए जाने वाले स्वास्थ्य शिविर का लाभ जिला स्तर के वरिष्ठ जन भी उठावे। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव अरविन्द शर्मा ने एवं आभार प्रदर्शन तहसील अध्यक्ष अनिल नागर ने किया।

### हितग्राहियों को सहायता राशि के स्वीकृति पत्रों का वितरण

**देवास।** मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के अन्तर्गत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा भोपाल से प्रदेश के संबल योजना के हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि का वितरण सिंगल क्लीक कर डीबीटी के माध्यम से किया गया। उक्त कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को नगर निगम सभा कक्ष मे आयोजित कर सभापति रवि जैन, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, निगम शहरी गरीबी उपशमन विभाग समिती अध्यक्ष शीतल गेहलोत, पार्षद प्रतिनिधि निलेश वर्मा के द्वारा इस योजना के हितग्राहियों को स्वीकृति एवं प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम मे सामान्य मृत्यु पर 16 हितग्राहियों को राशि 2 लाख के प्रत्येक हितग्राही के मान से 32 लाख का तथा दुर्घटना मे मृत्यु पर 4 हितग्राहियों को राशि 4 लाख के प्रत्येक हितग्राही के मान से 16 लाख, कुल 20 हितग्राहियों को राशि रूपये 48 लाख के स्वीकृति पत्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर सभापति ने कहा कि योजनान्तर्गत मृत हितग्राहियों के परिवारों को आर्थिक लाभ प्राप्त होकर बच्चों की शिक्षा व परिवार के लोगों को मदद मिलेगी। जिससे वे इस योजना मे मिल रही सहायता से आर्थिक लाभ ले सकें। महापौर प्रतिनिधि श्री अग्रवाल ने कहा कि केन्द्र व म.प्र. सरकार संवेदनशील सरकार है वह हमारे सुख दुख मे सदैव खडी रहती है। उन्होनें उपस्थित हितग्राहियों से कहा कि संबल योजना के पात्र हितग्राहियों को भी इस योजना मे शामिल करने हेतु प्रेरित करें ताकि वे भी इस योजना मे रजिस्ट्रेशन कर योजना का लाभ ले सकें।

## मुख्यमंत्री विवाह/ निकाह योजना का सामूहिक विवाह बसंत पंचमी पर होगा

**आवेदन की अंतिम तिथी 13 जनवरी 2026**

**देवास।** नगर निगम के द्वारा देवास विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के संयुक्त नेतृत्व में म.प्र. शासन की कन्यायोओं के सामुहिक विवाह एवं निकाह योजना का सामुहिक विवाह, निकाह का आयोजन 23 जनवरी 26 को बसंत पंचमी के दिन आयोजित किया जावेगा। सामाजिक न्याय विभाग देवास के द्वारा प्रस्तुत पत्रानुसार निकाय स्तर पर विवाह, निकाह के आयोजन मे शहर के प्रतिष्ठित नागरिकों की समिति का गठन किया गया। जिसमे महिला सदस्य सीमा सोलंकी पुष्पलता सोनगरा, पुरूष सदस्य नवीन सोलंकी, सचिन जोशी, सुरेश सिलोदिया को सदस्य मनोनित किया गया है। नगर निगम शहरी गरीबी उपशमन विभाग समिती अध्यक्ष शीतल गेलोत एवं सामाजिक सुरक्षा अधिकारी महिमा जैन ने बताया कि शासन द्वारा प्रस्तुत नवीन नियमानुसार कन्या विवाह, निकाह मे शामिल होने हेतु कन्या एवं परिवार का नाम गरीबी रेखा के नीचे की सूची मे दर्ज होना आवश्यक है। शेष नियमों मे वर—वधु के अभिभवक म.प्र. के मूल निवासी होने का प्रमाण पत्र, वर—वधु की समग्र मेंबर आईडी, वर—वधु का आधार कार्ड, वर—वधु का आयु प्रमाण पत्र (वर की न्सूनतम आयु 21 वर्ष, वधु की न्यूनतम आयु 18 वर्ष), आयु हेतु निम्न मे से कोई एक दस्तावेज अनिवार्य (टी.सी., अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र, मतदाता सूची, शासकीय चिकित्सक द्वारा जारी आयु का प्रमाण पत्र, मनरेगा जॉबकार्ड), वर—वधु के पासपोर्ट साईज के 3—3 फोटो, वर—वधु अभिभवक के मोबाईल नम्बर, कल्याणी होने पर पूर्व पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, विधुर होने पर पूर्व पत्नि का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता महिला—पुरूष होने की स्थिती मे कानूनी रूप से तलाक होने पर न्यायालयीन आदेश की प्रतिलिपी, वर—वधु को नोटराईज घोषणा पत्र इस आशय से लिया जा रहा है कि पूर्व से विवाहित नही हो अथवा पूर्व मे इस योजना का लाभ नही लिया गया हो, दिव्यांग होने पर दिव्यांगता का प्रमाण पत्र, कन्या का बीपीएल पोर्टल पर सत्यापन ( सूची प्रमाण पत्र अनिवार्य), वधु का बैंक खाता, पासबुक (डीबीटी.ईनेमल) अनिवार्य है।

महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने नगर निगम द्वारा बसंत पंचमी पर आयोजित किये जा रहे सामुहिक विवाह, निकाह के आयोजन मे भाग लेने हेतु कन्याओं के अभिभावकों व पालकों से अपील की है कि वे अपनी विवाह योग्य कन्याओं का विवाह, निकाह इस अयोजन मे करायें। महापौर ने कहा कि आयोजन मे शामिल होने पर शासन के माध्यम से निगम द्वारा प्रति कन्याओं को राशि रूपये 49 हजार के चेक भेट किये जावेगें।

शीतल गेहलोत ने बताया कि आवेदन पत्र नगर निगम देवास के कक्ष क्रमांक 2 से गरीबी रेख कार्ड दिखाकर प्राप्त किये जा सकते हैं तथा आवेदन पत्र के साथ उपरोक्त दस्तावेज संलग्न कर कक्ष क्रमांक 2 मे अंतिम तिथी 13 जनवरी 2026 तक जमा किये जा सकते है। अधिक जानकारी हेतु सामाजिक सुरक्षा पेंशन के मुन्नाउद्दीन कुरैशी माबाईल नम्बर 9301441503 एवं आशीष जाधव मोबाईल नम्बर 9407167672 पर सम्पर्क कर सकते है।

## सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ की प्रादेशिक बैठक संपन्न



**डॉ. विष्णु प्रसाद वर्मा बने प्रदेश संरक्षक**

**देवास।** सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ की प्रादेशिक बैठक 18 दिसम्बर को ठेगडी भवन भोपाल में संपन्न हुई। जिसमें पेंशनर हितार्थ वार्षिक कार्ययोजना तैयार की गई। इस बैठक में म.प्र. छत्तीस गढ़ के संगठन मंत्री सुनील किरवई, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हरेन्द्रसिंह चंदेल, बसंत पुरोहित, रमेशचंद्र शर्मा, डॉ. विष्णु प्रसाद शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष पी.एन.तिवारी, महामंत्री सुरेश बादल, कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा सहित समस्त उपाध्यक्ष, प्रदेश मंत्री, संगठन मंत्री प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, संभाग व जिले के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर विचार किया गया। बैठक में डॉ. विष्णु प्रसाद वर्मा को प्रदेश संरक्षक का दायित्व सौंपा गया। उपस्थितजनों ने श्री वर्मा को बधाई देते हुए उनका स्वागत किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत



**देवास।** अमरपुरा निवासी फतेह मोहम्मद पिता अशरफ शेख (उम्र 65 वर्ष) की गुरुवार शाम सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि फतेह मोहम्मद कल शाम करीब 6 बजे पैदल सामान लेने दुकान जा रहे थे। इसी दौरान एबी रोड क्रॉस करते समय भोपाल की ओर से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल फतेह मोहम्मद को तत्काल जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां माहौल गमगीन हो गया। मृतक पेशे से किसान थे और अपने परिवार का भरण-पोषण खेती के साथ-साथ फाटे के पास स्थित एक पोल्ट्री फार्म पर चौकीदारी कर भी करते थे। परिवार में उनकी दो-तीन बेटियां हैं, जिनके सिर से पिता का साया उठ गया है। परिजनों के अनुसार, हादसा करने वाला वाहन मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

## रोटरी क्लब ऑफ सोनकच्छ की एकता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है : लाठी



**सोनकच्छ।** रोटरी क्लब ऑफ सोनकच्छ के स्वर्णिम वर्ष के सफलतम समारोह के आयोजन के पश्चात क्लब द्वारा दिनांक 18 दिसंबर 2025 गुरुवार को निजी फॉर्म हाउस पर आभार बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यक्रम संयोजक पीडीजी सत्यनारायण लाठी ने अपने उद्बोधन में रोटरी क्लब ऑफ सोनकच्छ की एकता, अनुशासन एवं सेवा भावना की खुले मन से सराहना की। लाठी ने कहा कि सोनकच्छ रोटरी क्लब ने हमेशा एकजुट रहकर समाज सेवा के कार्यों को प्राथमिकता दी है और यही एकता क्लब की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने सभी सदस्यों से आह्वान किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार मिलकर रोटरी के मूल उद्देश्यों के अनुरूप निरंतर सेवा कार्य करते रहें। इस अवसर पर समारोह के चेयरमैन पीडीजी डॉ. जामीन हुसैन, सहायक मंडलाध्यक्ष दिनेश कारपेंटर, क्लब अध्यक्ष दिनेश राठौर , क्लब सचिव महेशचंद्र राठौर ने स्वर्णिम वर्ष समारोह को सफल बनाने में सहयोग देने वाले क्लब के सभी पूर्व अध्यक्षों एवं सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया। बैठक में क्लब के सभी पूर्व अध्यक्षों एवं सदस्यों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए तथा आयोजन की सराहना की। बैठक में रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण गजेश्वर, हुकम चंद्र अग्रवाल, डॉ बुरहानुद्दीन बोहरा, संजय सेठी, मोहन सिंह बघेल, सुभाष चंद्र गुप्ता, सुरेशचंद्र यादव, शंकरलाल शर्मा, कमल नागर , ईश्वर सिंह जाधव, अमर सिंह मालवीय, असलम खान, जीवन सिंह गुर्जर, शंकर सिंह तोमर, अरुण शर्मा, डॉ अरविंद धाकड़, मनोज परमार, पुष्पेंद्र सिंह तोमर, कैलाश परमार, सदस्यगण एवं आरसीसी के प्रवीण त्रिवेदी, धर्मेंद्र टेलर, जयपाल सिंह, गणेश पाटीदार, बने सिंह, राकेश राठौर आदि उपस्थित रहे।अंत में सभी अतिथियों एवं सदस्यों का दुपट्टा पहनाकर एवं उपहार भेंट कर सम्मान किया गया। संचालन पूर्व सचिव जितेन्द्र सिंह बघेल ने किया एवं आभार क्लब सचिव महेशचंद्र राठौर ने माना।

## देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार की छात्राओं का देवास आगमन






**हिमालय एकेडमी में पहला आयोजन संपन्न**

**देवास।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार प्रतिवर्ष अपने छात्रों को देश के कोने कोने में सामाजिक परिवीक्षा के अंतर्गत भेज कर क्षेत्रों में सामाजिक समस्याओं को लेकर चिंतन मंथन करता है, इसी कड़ी में देवास में देव संस्कृति विश्वविद्यालय की तीन छात्राओं का आगमन हुआ जो कि पूरे एक माह देवास जिले की पूरी तहसीलों में भ्रमण करेगी और सामाजिक समस्याओं पर अपना प्रकाश डालकर समाधान सुझाऐंगी। गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार से तीन छात्राएं कु. हर्षित चौहान छत्तीसगढ़, वर्षा कुमारी बिहार एवं दिव्या तांबड़े महाराष्ट्र प्रदेश का देवास में आगमन हुआ है जो कि देव संस्कृति विश्व विद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार में पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय पर अध्ययन कर रही हैं । ये छात्राएं जिले में लगातार एक माह तक निस्वार्थ भाव से सामाजिक परिवीक्षा करेंगी । शहर के प्रसिद्ध विद्यालय हिमालय एकेडमी में छात्राओं का पहला आयोजन सम्पन्न हुआ जिसमें विद्यार्थियों को जीवन की दैनिक दिनचर्या पर प्रकाश डालते हुए अनेकों पारिवारिक समस्याओं का समाधान भी सुझाया ।

युवा प्रकोष्ठ समन्वयक प्रमोद निहाले ने जानकारी देते हुए कहा कि आज की आवश्यकता को देखते हुए देव संस्कृति विश्व विद्यालय की छात्राओं के आयोजन शहर के हर विद्यालय व महाविद्यालयों में होना चाहिए क्योंकि इन छात्राओं को देव संस्कृति विश्व विद्यालय हर विषय का ज्ञान व अनुभव देता है । ये छात्राएं भी बड़ी सरलता से बच्चों को समझाती है । हिमालय एकेडमी के संचालक सुरेंद्र राठौर ने आयोजन के बाद देव संस्कृति विश्वविद्यालय की छात्राओं एवं गायत्री परिवार की टीम का हार्दिक आभार माना और कहा कि इस प्रकार के आयोजन शहर के हर विद्यालय व महाविद्यालयों में निरंतर होना चाहिए ।

## नवनियुक्त कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों का किया स्वागत



**सोनकच्छ।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश के समस्त ब्लॉकों में ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इसी क्रम में सोनकच्छ ब्लॉक अध्यक्ष पद पर सौदानसिंह पंवार (ओड), पीपलरावा में मनोज चौहान एवं भोरासा में मिथुन यादव को ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों का आज जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरजसिंह ठाकुर के नेतृत्व में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान पुष्पमालाएं पहनाकर, साफ़ा बांधकर एवं मिठाई खिलाकर सभी का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्णपाल सिंह बघेल, ओमप्रकाश परमार, पूर्व सरपंच बाबूलाल बैसवाल, पूर्व टोंक जनपद उपाध्यक्ष जगदीश पटेल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राधेश्याम चौधरी, अजय जैन, पूर्व सरपंच शैतान सिंह तंवर, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव बलवानसिंह कुशवाह, बालकृष्ण पटेल, भूरू शेख, पूर्व पार्षद रमेश खेलवाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष दीपक कुशवाह, राजेंद्र सिंह राजपूत (ओड), शहीद मंसूरी, देवप्रसाद विश्वकर्मा, सीताराम मालवीय, बद्रीलाल गवालिया, राजेंद्र डिग्ली, चेतन धौलपुरे, गोपाल पटेल, राजू गौड, हिमेश सिसोदिया, विजेंद्र सिंह सेंधव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया।

**एक नजर** संसद में प्रस्तुत बीमा कानून संशोधन विधेयक 2025 का तीव्र विरोध किया

## एलआईसी शाखा क्रमांक 2 में सभा कर, पेंशनर दिवस मनाया

**देवास।** अखिल भारतीय पेंशनर दिवस के उपलक्ष में एलआईसी शाखा क्रमांक 2 पर सेवानिवृत्त बीमा कर्मचारीयो ने एक सभा का आयोजन किया। सभा में पेंशनरो की मुख्य मांग जैसे केंद्रीय कर्मचारियों के समान पेंशन का अपडेशन करना, जीआईसी कर्मचारी के परिवार पेंशन को 15 प्रतिशत से बढ़कर 30 प्रतिशत करना, एनपीएस एवं यूपीएस को हटाकर सभी कर्मचारियों को एक समान पुरानी पेंशन प्रदान करना, मेडिक्लेम सुविधा के अतिरिक्त प्रतिमाह एवं वार्षिक रूप से मेडिकल भत्ता प्रदान करना एवं एवं सरकार द्वारा प्रस्तुत नये बीमा विधायक का विरोध करना, आदि मांगों का समर्थन किया गया। सभा का संचालन करते हुए साथी मोर सिंह राजपूत ने आज के कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई। पेंशनर दिवस क्यों मनाया जाता है इसके बारे में बताया । मोहन जोशी ने बताया कि सभी बीमा पेंशनर को केंद्रीय कर्मचारियों के समान पेंशन अपडेशन का लाभ मिलना चाहिए। जीआयसी कर्मचारियों को भी परिवार पेंशन का लाभ 30 प्रतिशत होना चाहिए। मेडिकल भत्ता अलग से सभी सेवानिवृत्ति साथियों को मिलना चाहिए ।

इन सब मांगों के साथ श्री जोशी ने 16 दिसंबर को संसद में प्रस्तुत बीमा विधायक 2025 का पूर्ण विरोध करते हुए उसके घातक परिणामों से सभा को अवगत करवाते हुए बताया कि एफडीआई 100 प्रतिशत होने से तथा पूर्व बीमा विधायकों को परिवर्तित करते हुए घातक नियम शर्ते जोड़ने से देश का, बीमा धारकों का नुकसान होगा और देश के सार्वभौमिक स्वरूप की शक्ति का ह्रास होगा। देश की पूंजी पर विदेशी कंपनियों का घातक प्रभाव बढ़ जाएगा। सभी साथियों ने इसके खिलाफ होने वाले 18 दिसंबर के विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर इसका तीव्र विरोध करने के लिए अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। देवास इकाई के सफल संचालन के लिए सभी उपस्थित सदस्यों की सहमति से इंदौर डिविजन इंश्योरेंस पेंशनर्स एसोसिएशन की देवास इकाई का गठन किया गया । इसमें अध्यक्ष मोहन जोशी, सचिव हरीश चौहान एवं कोषाध्यक्ष पद पर मोर सिंह राजपूत का चयन किया गया। साथ ही सर्वसम्मति से पूर्व शाखा प्रबंधक सीताराम वास्कले को उपाध्यक्ष और ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी से सेवानिवृत मदन सिंह राठौड़ को सह सचिव पद पर नियुक्त किया गया। उक्त जानकारी देते हुए सतीश शर्मा ने बताया कि आज की सभा में जीवन बीमा, साधारण बीमा, बैंक के सेवानिवृत्ति साथियों के अलावा स्थानीय वीरादराना संगठन ,ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर के साथी उपस्थित रहे। ए आय यू टी यू सी के साथी राजुल श्रीवास्तव ने अंत में आभार प्रदर्शन किया । आज की सभा में इनके अलावा एम एल गोरे ,मोहन जेठीवाल ,साथी हिंदू सिंह जादव ,विनोद अंतरिवाले, शुभम लोधी उपस्थित रहे।

## अमलतास अस्पताल में 104 किलो के मरीज की सफल बैरिएट्रिक सर्जरी



**विशेष बैरिएट्रिक सर्जरी वर्कशॉप का आयोजन**

**देवास।** आज के दौर में मोटापा और डायबिटीज एक वैश्विक महामारी का रूप ले चुके हैं। इसी गंभीर समस्या के समाधान हेतु देवास स्थित अमलतास सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में एक विशेष बैरिएट्रिक सर्जरी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमे विश्व प्रसिद्ध बैरिएट्रिक सर्जन डॉ. अपूर्व श्रीवास्तव ने दूरबीन पद्धति के जरिए 104 किलो वजन वाले एवं मरीज की सफल सर्जरी की। एवं दुसरे 90 किलो वजन के मरीज जिसे पीसीओडी की समस्या थी जिसकी लैप्रोस्कोपिक स्लीव पेट की सर्जरी की है । डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार, अगले 3 से 4 महीनों में मरीज का वजन लगभग आधा हो जाएगा। साथ ही, उन्हें डायबिटीज और ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर बीमारियों से भी मुक्ति मिलेगी। मेट्रो शहरों में लाखों रुपये में होने वाली यह सर्जरी अमलतास अस्पताल में बेहद किफायती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही है। वर्कशॉप के दौरान डॉ. अपूर्व श्रीवास्तव ने कहा, मोटापा अपने आप में एक बड़ी बीमारी है जो शरीर में अन्य कई रोगों को जन्म देती है। हमें इसकी जड़ तक जाकर इसका सही समय पर निदान करना चाहिए। इस सफल सर्जरी मेंडॉ अपूर्व श्रीवास्तव, बेरियाट्रिक सर्जन पीजी डॉ गौरव तिवारी, ओटी असिस्टेंट आनंद, पूजा परिहार एनेस्थीसिया टीम से डॉ प्रेम, डॉ फैजल, डॉ बिंदिया की मुख्य भूमिका रही साथ ही आयोजित वर्कशॉप में अमलतास विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. शरदचंद्र वानखेड़े, डीन डॉ. ए.के. पीठवा, निदेशक डॉ. प्रशांत, डॉ. अभय गुप्ता एवं सभी विभागाध्यक्ष एवं चिकित्सक , एवं छात्र उपस्थित थे। अमलतास वेलफेयर सोसायटी के चेयरमैन द्वारा बताया गया की इस वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य लोगों को मोटापे के प्रति जागरूक करना और उन्हें आधुनिक एवं सुरक्षित उपचार विकल्पों की जानकारी देना था। अस्पताल अब क्षेत्र के लोगों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं स्थानीय स्तर पर प्रदान कर रहा है।